an>

# Title: Regarding setting up of a Medical College in Ballia district in Uttar Pradesh

**श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर):** मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूँ कि अत्यन्त पिछड़े इलाकों में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंचना मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष वित्तीय वर्ष 2025-26 तक 5 लाख से अधिक जनसंख्या वाले सभी जिलों में 50 से 100 एवं 150 बिस्तर वाले उच्च कोटी के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित किए जाने का प्रावधान किया गया है । मुझे यह अवगत कराना है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर (उत्तर प्रदेश) के अन्तर्गत बलिया जिला आज भी स्वास्थ्य सेवा से पूरी तरह से वंचित है । जहां जिला अस्पताल, जिला मुख्यालय के साथ अन्तिम छोर पर है, मुख्यालय के बाद गंगा नदी के पार बिहार प्रान्त पड़ता है, जहां प्राथमिक सुविधा भी उपलब्ध नहीं है, जबकि बलिया से वाराणसी की दूरी लगभग 180 कि0मी0 है तथा गोरखपुर की दूरी 160 कि0मी0 है । भौगोलिक दृष्टि से पूर्वी उ0प्र0 के अत्यन्त पिछड़े इलाके में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा गरीब जनता को प्राप्त हो सके इसके लिए आवश्यक है कि उच्च कोटी के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना सलेमपुर संसदीय क्षेत्र के सिकन्दरपुर तहसील के पूर ग्राम में की जाये । मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के सिकन्दरपुर तहसील के अंर्तगत ग्राम सभा पूर में उ0प्र0 स्पोर्टस कालेज सोसायटी गुडम्बा लखनऊ के नाम से आरक्षित भूमि 106.59 एकड़ में से 40 एकड़ भूमि अस्पताल की स्थापना हेतु उपलब्ध है, इसके अतिरिक्त यहां कई सौ एकड़ भूमि उपलब्ध है । मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के बलिया जिले के सिकन्दरपुर तहसील के पूर ग्राम सभा में उपलब्ध भूमि पर मेडिकल कालेज की स्थापना हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने का कष्ट करें, जिससे अत्यन्त पिछड़े इलाके में उच्च स्वास्थ्य सुविधा मिल सके ।